प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 21.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

...............

उपराष्ट्रपति पद के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार, सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी ने आज संसद भवन में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार, सहित कई अन्य नेता उपस्थित थे। नामांकन दाखिल करने से पहले बी सुदर्शन रेड्डी ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजिल अर्पित की। उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। 25 अगस्त तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। चुनाव 9 सितंबर को होगा। इससे पहले कल सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए की ओर से प्रत्याशी सी पी राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति पद की दावेदारी के लिए नामांकन भर चुके हैं। पिछले महीने जगदीप धनखड के स्वास्थ्य कारणों से त्यागपत्र देने के बाद ये चुनाव हो रहा है।

...............

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ से इस वर्ष जून के महीने में रिकार्ड 21 लाख 89 हजार सदस्य जुड़े हैं। अप्रैल 2018 में पे–रोल डाटा ट्रेकिंग व्यवस्था शुरू होने के बाद से इस महीने ईपीएफओ में सबसे अधिक सदस्य शामिल हुये हैं जो कि एक रिकॉर्ड है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि इस महीने लगभग दस लाख 62 हजार नए सदस्य जुड़े हैं जो मई 2025 की तुलना में 12 दशमलव 6. 8 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने बताया कि तीन लाख से अधिक महिला सदस्य ईपीएफओ से जुड़ी हैं जो पिछले महीने की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है।

...............

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पूर्व सांसद, कर्नल सोनाराम चौधरी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में राज्यपाल ने ईश्वर से सोनाराम चौधरी के परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी कर्नल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। गौरतलब है कि कर्नल सोनाराम का कल दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया था। आज उनके पैतृक गांव मोहनगढ में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। कर्नल सोनाराम चौधरी चार बार सांसद और एक बार बायतु से विधायक रह चुके हैं।

...............

खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव जम्मू कश्मीर में आज से शुरू हो रहा है। 23 अगस्त तक डल झील में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 500 से अधिक एथलीट नौकायन, कैनोइंग और कयाकिंग जैसे खेल आयोजनों में भाग लेंगे। महोत्सव में वाटर स्कीइंग, ड्रैगन बोट और शिकारा रेस जैसे प्रदर्शन कार्यक्रम भी शामिल हैं। इस आयोजन को जम्मू–कश्मीर की संस्कृति और पारिस्थितिकी के उत्सव रूप में देखा जा रहा है। महोत्सव का शुभंकर साहस, ऊर्जा और प्रकृति से गहरे जुड़ाव को दर्शाने वाले हिमालयी किंगफिशर से प्रेरित है।

भारतीय खेल प्राधिकरण और जम्मू–कश्मीर खेल परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह खेल सरकार की 'खेलो भारत' नीति के तहत आयोजित किये जा रहे हैं।

000000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर बारिश बांसवाडा के शेरगढ़ में दर्ज की गई। चाकसू और चिकली में 9–9, किशनगंज में 8, भूंगडा में 6, धरियाबाद, भागीदोरा, झालारापाटन, गंगधार, अकलेरा और गढ़ी में 5–5 सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड हुई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक सप्ताह में राज्य के अधिकांश भागों में मानसून के फिर से सक्रिय होने की प्रबल संभावना है। आज कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी और अतिभारी जबकि जोधपुर, अजमेर, भरतपुर, जयपुर संभाग के कुछ भागों में मध्यम बरसात होने के आसार है। दक्षिणी और दक्षिण–पूर्वी भागों में कहीं–कहीं भारी से अतिभारी बारिश की गतिविधियां आगामी 3–4 दिन जारी रहने तथा शेष अधिकांश भागों में मध्यम से तेज

बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भी कल से 29 अगस्त के दौरान बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है।

...............

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में भरतपुर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज सुबह जागरूकता रैली निकाली गई। स्वास्थ्य भवन से शुरू हुई इस रैली में नर्सिंग स्टाफ और नर्सिंग स्टूडेंट्स शामिल हुए । रैली के माध्यम से कृमि संक्रमण से बचाव के जानकारी दी गई और सही खान पान तथा रहन सहन के बारे में बताया गया।

...............